

# 7 दिनों से पेयजल संकट, पीएचई की लापरवाही से लोग परेशान



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 22 जून।** शहर के त्यागी नगर स्थित 'बली बाबा की पुलिया' क्षेत्र के रहवासी पिछले सात दिनों से भीषण पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं। यहाँ लगी पानी की मोटर खराब होने के कारण इलाके में जलापूर्ति पूरी तरह ठप है, जिससे स्थानीय लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं।

**विभाग की टालमटोल से बढ़ा गुस्सा :** स्थानीय निवासियों का आरोप है कि मोटर खराब होने की सूचना मिलते ही पिछले 4-5 दिनों तक लगातार पीएचई विभाग में फोन कर शिकायत की गई, लेकिन विभाग के अधिकारी लगातार अनदेखी करते रहे। लंबे इंतजार के बाद जब स्थानीय पार्षद ममता अरविंद शर्मा को फोन लगे तब विभाग ने ठेकेदार को मोटर सही करने के निर्देश दिए। ठेकेदार के कर्मचारियों ने शनिवार को मोटर निकाली और उसे सुधार के लिए ले गए।

**मोटर तो आई, पर स्टार्टर निकला खराब :** रविवार की छुट्टी का बहाना बनाकर ठेकेदार ने पूरे दिन काम नहीं किया, जिससे लोग भीषण गर्मी में पानी के लिए भटकते रहे। सोमवार दोपहर जब मोटर वापस आई, तो पता चला कि उसका स्टार्टर भी खराब है। सबसे बड़ी लापरवाही यह रही कि ठेकेदार मोटर तो ले आया, लेकिन स्टार्टर बदलने के लिए जरूरी सामान साथ नहीं लाया। इस कारण सोमवार को भी लोगों को पानी नहीं मिल सका। और कई लोग दोनों हाथों में बाल्टी लेकर दूर से पानी भरकर लाए।

**स्थानीय निवासियों में आक्रोश :** क्षेत्र के सुनील तिवारी, गजेंद्र पुरोहित, कल्लू दुबे, भूरा कटारे, अश्विनी तिवारी, संतोष शर्मा और सुनील शर्मा सहित अन्य निवासियों ने पीएचई विभाग की कार्यप्रणाली पर गहरा रोष व्यक्त किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग की मनमानी के कारण भीषण गर्मी में जनता को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि इस मामले में लापरवाह ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और तत्काल प्रभाव से पानी की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## उप डाकघरों के आधार केन्द्रों में 24 एवं 25 को विशेष महाअभियान

**ग्वालियर, 22 जून।** डाक संभाग के अंतर्गत ग्वालियर जिले के लश्कर प्रधान डाकघर, मुरार प्रधान डाकघर, कंपू, लश्कर सिटी, एस.पी.आश्रम, मोतीमहल, बिरला नगर, ग्वालियर आरएस, ग्वालियर रेजीडेंसी, आरके पुरी, ग्वालियर सिटी, बेहट, घाटीगाँव, मोहना, डबरा, भितरवार, टेकनपुर उप डाकघर एवं दतिया जिले के दतिया एमडीजी, भांडेर, सेवढ़ा, इंदरगढ़ उप डाकघरों के आधार केन्द्रों में 24 एवं 25 जून को विशेष महा-अभियान का आयोजन किया जाएगा जिसमें सुबह 08 से शाम 06 बजे तक आधार एनरोलमेंट एवं अपडेशन का कार्य किया जाएगा। इस हेतु ग्वालियर जिले में लश्कर एवं मुरार प्रधान डाकघर मे आधार से सबन्धित कार्य रात्रि 08 बजे तक भी किया जावेगा। जन सामान्य से अनुरोध किया गया है कि उक्त अवधि में डाकघर के आधार केंद्र में आधार एनरोलमेंट एवं अपडेशन की सुविधा का लाभ ले जिससे जन सामान्य को शासन की सुविधाओं का लाभ दिया जा सके।

# कंधे पर शिव को बिठाकर शिव से मिलने ले जा रही हैं वंदना

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 22 जून।** भगवान भोलेनाथ को अपने कंधे पर बिठाकर पैदल ही उज्जैन के महाकाल और ओंकारेश्वर की यात्रा पर निकली वंदना ने 100 किलोमीटर का सफर तय कर कल शाम ग्वालियर में प्रवेश किया। वंदना का यह संकल्प न केवल उनकी अटूट आस्था का प्रतीक है, बल्कि गौ संरक्षण और सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार का एक सशक्त माध्यम भी बन गया है। वंदना ने भिंड के वनखंडेश्वर मंदिर से एक अद्भुत और साहसिक यात्रा का शुभारंभ हुआ था।

> ▸ गौ संरक्षण और सनातन धर्म के संदेश के साथ महाकाल, होकर ओंकारेश्वर तक की पदयात्रा पर निकलीं भिंड की बेटी वंदना

सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार में उनके योगदान को देखते हुए, श्री राम राजेश्वरी सेवा संस्थान समिति की अध्यक्षा माँ राजेश्वरी देवी ने वंदना राठौर को 'सनातन धर्म का ब्रांड एंबेसडर' घोषित किया है। ?वंदना के इस संकल्प को उन्होने देवी संकल्प' की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि वंदना की यह यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का मार्ग है, बल्कि नारी शक्ति की मिसाल भी है, जो लोगों को अपने संस्कारों से जुड़ने और गौ सेवा का संदेश दे रही है।



**यात्रा का पड़ाव और विश्राम-** ग्वालियर पहुंचने पर वंदना ने त्यागी बाबा मंदिर आश्रम में रात्रि विश्राम किया। आश्रम में उनके पहुंचने पर सेवादारों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। सुबह आश्रम के सेवकों ने उन्हें उचित मार्गदर्शन और शुभकामनाओं के साथ विदाई दी। आज वे लगभग 15-20 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर पनिहार पहुंचेंगी।

### प्रेरणा और साथ

इस कठिन यात्रा के बारे में बात करते हुए वंदना ने कहा, 'जब मैं एक पग भी आगे बढ़ाती हूं, तो मुझे महसूस होता है कि मेरी मां और मेरी आराध्य कुलदेवी मां काली मेरे साथ चल रही हैं। उन्हीं के आशीर्वाद से यह दुष्कर यात्रा संभव हो पा रही है।' उनकी दृढ़ता से प्रभावित होकर मुरैना के एक युवक ने भी उनके साथ चलने का आग्रह किया, जिसे वंदना ने स्वीकार कर लिया। अब वे भाई के रूप में वंदना का बैग और सामान लेकर उनके साथ चल रहे हैं।

### इनका कहना है

यह कोई साधारण संकल्प नहीं, यह एक देवी संकल्प है। वंदना का जज्बा देखकर विश्वास होता है कि यह यात्रा निश्चित रूप से पूर्ण होगी।
**रामनिवास,** त्यागी बाबा आश्रम पुजारी

सनातन धर्म के उत्थान और गौ संरक्षण के लिए वंदना का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। आज के समय में ऐसे उदाहरण समाज को नई दिशा देते हैं।
**राजीव सिंह सेंगर** रिटायर्ड इंडियन आर्मी, आश्रम सेवक

वंदना ने यह साबित कर दिया है कि भारतीय नारी साहस की साक्षात प्रतिमूर्ति है। वह दृढ़ संकल्प ले ले, तो कुछ भी कर सकती है।
**मोनू तिवारी**

जैसे हमारे घर वालों को मालूम पड़ा उन्होंने मुझसे कहा कि तुम बहन जी के साथ जाओ,मै यहा आया और आग्रह किया बहन जी ने स्वीकार कर लिया। अब मैं उनके साथ जा रहा हूं।
**नितिन शर्मा,** मुरैना निवासी

## कांग्रेस विधायक सतीश सिकरवार ने सिंधिया खेमे पर किया बड़ा हमला

**ग्वालियर 22 जून.** कांग्रेस विधायक सतीश सिकरवार ने सिंधिया खेमे पर कड़ा सियासी हमला बोलते हुए दावा किया कि जो ज्योतिरादित्य सिंधिया कभी कांग्रेस में सर्वोपरि थे, वे आज बीजेपी में हाशिए पर हैं और उनके खेमे के नेता अब एक-एक राजनीतिक पद के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

सतीश सिकरवार ने 'महाराज' की स्थिति पर कटाक्ष करते हुए कहा कि सिंधिया समर्थकों की राजनीतिक स्थिति दयनीय हो गई है, क्योंकि एक समय में जिनके इशारे पर कांग्रेस में पत्ता भी नहीं हिलता था, वे आज स्वयं बीजेपी में लाचार हैं। विधायक ने भविष्यवाणी की कि सिंधिया खेमे के 22 नेता पहले ही भाजपा में जा चुके हैं और जो 5-6 बचे हैं, उन्हें भी बीजेपी जल्द निपटा देगी। उन्होंने यह भी जोड़ा कि उनके कांग्रेस में 'घर वापसी' का समय निकट आ गया है। यह जुबानी जंग तब और तेज हो गई थी, जब सिंधिया समर्थक नेत्री इमरती देवी द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को बीजेपी में शामिल होने का खुला न्योता दिया गया।

# सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने मनाया योग दिवस

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 22 जून।** सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय ग्वालियर द्वारा आदरणीय क्षेत्रीय प्रमुख श्री धर्मेन्द्र कुमार के प्रेरक एवं सशक्त नेतृत्व में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन भारतीय योग संस्थान के सहयोग से सनशाइन गार्डन, सिटी सेंटर, ग्वालियर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में योग, स्वास्थ्य एवं जन-जागरूकता का अद्भुत समन्वय देखने को मिला।

> ▸ 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर क्षेत्रीय कार्यालय में हुआ कार्यक्रम

इस अवसर पर कार्यक्रम में अनेक गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रमुख अतिथियों में ग्वालियर के माननीय सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह, भारतीय योग संस्थान के उपाध्यक्ष श्री महेश अग्रवाल तथा ग्वालियर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने योग के महत्व, स्वस्थ जीवनशैली तथा समाज में इसके व्यापक सकारात्मक प्रभाव पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा अपने विभिन्न बैंकिंग उत्पादों एवं योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु विशेष व्यवस्था की गई। आयोजन स्थल पर बैंक की विविध योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित स्टैंडी एवं बैनर प्रदर्शित किए गए। साथ ही उपस्थित प्रतिभागियों को बैंक की विभिन्न योजनाओं, उत्पादों एवं ग्राहक-हितैषी सेवाओं की जानकारी प्रदान कर उन्हें बैंक की सुविधाओं के प्रति जागरूक किया गया।




इस योग समारोह में लगभग 350 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इनमें भारतीय योग संस्थान के सदस्य, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, ग्वालियर क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारीगण तथा विभिन्न शाखाओं के शाखा प्रबंधक सम्मिलित रहे।

सभी प्रतिभागियों ने योगासन एवं प्राणायाम में सक्रिय सहभागिता निभाई, जिससे पूरा वातावरण ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मकता से ओतप्रोत हो उठा। यह आयोजन न केवल योग एवं स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने में सफल रहा, बल्कि सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की सामाजिक सरोकारों, जन-संपर्क एवं ग्राहक जागरूकता के प्रति प्रतिबद्धता को भी सशक्त रूप से अभिव्यक्त करता है। कार्यक्रम का सफल आयोजन बैंक और भारतीय योग संस्थान के समन्वित प्रयासों का उत्कृष्ट उदाहरण रहा।

## ऑपरेशन मुस्कान' : कोतवाली पुलिस ने बांदा से ढूँढा लापता बालक

**ग्वालियर, 22 जून।** ग्वालियर पुलिस के 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत थाना कोतवाली पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने घर से बिना बताए गायब हुए 12 वर्षीय नाबालिग बालक को मात्र 36 घंटे के भीतर उत्तर प्रदेश के बांदा से सकुशल दस्तयाब कर लिया है। फरियादिया के अनुसार, उनका छोटा भाई अखिल (परिवर्तित नाम) 14 जून को ग्वालियर के बाड़ा क्षेत्र में भेलपूरी खाते समय अचानक गायब हो गया था। काफी तलाश के बाद भी उसका पता न चलने पर परिजनों ने 18 जून को थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर टीम गठित की गई। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। विवेचना के दौरान सूचना मिली कि बालक बांदा (उत्तर प्रदेश) में है। कोतवाली पुलिस की टीम तुरंत बांदा पहुँची, जहाँ बालक रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर मिला। पुलिस उसे सुरक्षित ग्वालियर ले आई है और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# लंबित डीआर और धारा 49 (6) समाप्त कराने को लेकर पेंशनर्स ने बनाई मानव श्रृंखला

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 22 जून।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ मध्य प्रदेश एवं पेंशनर एसोसिएशन एक मंच एक आवाज मध्य प्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में अन्य सहयोगी संगठनों के साथ पेंशनर्स ने अपनी मांगों को लेकर मानव श्रृंखला बनाई।

सरकार द्वारा निरंतर पेंशनर्स की उपेक्षा की जा रही है सरकार द्वारा कभी भी समय पर डीआर नहीं दिया अभी भी 2 च डीआर जनबरी 26 से केन्द्र के समान लंबित हे यही नहीं सरकार अभीतक पेंशनर्स का 88 माह का डीआर काट चुकी हे यह बात सभी ने अपने उद्बोधन में कही तथा मांग कि कि ऐसी महंगाई के दौर में तत्काल पूरे डीआर का भुगतान किया जाए तथा मांग कि कि धारा 49 ( 6 ) तत्काल समाप्त की जाए साथ ही पेंशनर्स को नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान की जावे , सांसदों मंत्रियों विधायकों की तरह पेंशनर्स की आय आयकर से मुक्त किया जाए , रेल , हवाई एवं बस यात्रा में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाए , छठवें एवं सातवें बेतनमान का एरियर 32 एवं 27 माह का तत्काल भुगतान किया जाए आदि मांगों को लेकर आज वीरांगना झलकारी बाई पार्क आकाशवाणी तिराहा ग्वालियर पर दोपहर 3 बजे तपती धूप में मानव श्रृंखला बनाकर विरोध दर्ज कराया गया।



इस आंदोलन को चारों तरफ से भारी समर्थन मिला। आंदोलन को सर्वश्री गीता भारद्वाज प्रांताध्यक्ष पेंशनर एसोसिएशन एक मंच एक आवाज मध्य प्रदेश , श्री गोविंद सिंह कुशवाह प्रांताध्यक्ष सर्व हितैषी पेंशनर्स संघ, श्री बी पी गणक प्रांतीय सचिव एआईपीआरपीए , श्री ललित खरे जिला अध्यक्ष पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन ग्वालियर, नन्द किशोर गोस्वामी जिला अध्यक्ष प्रमुख पेंशनर संघ, डॉक्टर जे पी एस कुशवाह प्रांतीय संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ , श्री आर के एस तोमर, श्रीमती आभा सहाय, डॉक्टर देवीलाल असहिया, करण सिंह पटेरिया, श्री बी डी धूपर आदि ने संबोधित किया। मानव श्रृंखला में लगभग 200 पेंशनर एकत्रित हुए तथा आंदोलन स्थल पर श्री कुलदीप दुबे तहसीलदार को 12 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा , श्री दुबे ने ज्ञापन शासन को भेजने का आश्वासन दिया । आंदोलन का संचालन आर एस तरेटिया प्रांताध्यक्ष भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ मध्य प्रदेश ने किया एवं श्री आर पी कोरी प्रांतीय महासचिव ने सभी साथियों का एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# भारतीय योग संस्थान ने मनाया योग दिवस

**ग्वालियर, 21 जून।** भारतीय योग संस्थान, ग्वालियर द्वारा अटल पार्क, दीनदयाल नगर में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय प्रधान लक्ष्मण सिंह परिहार ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद रेखा त्रिपाठी (वार्ड 18) एवं विशिष्ट अतिथि पार्षद मंजू कुशवाह (वार्ड 20) उपस्थित रहीं।




कार्यक्रम में संस्थान के पदाधिकारियों ने विभिन्न योगासनों और प्राणायाम का अभ्यास कराया। डॉ. के.के. दीक्षित मीडिया प्रभारी, भारतीय योग संस्थान ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन व मंजू यादव, मधु चौहान, रंजना साद ने की। इसके बाद सरस्वती वंदना से हुई। अरविंद बाजपेयी (गायत्री मंत्र व ध्यान), प्रमोद त्रिपाठी (सूक्ष्म क्रिया), बृजेशचंद्र चतुर्वेदी (ताड़ासन, सूर्य नमस्कार), डॉ. नवल सिंह सिकरवार (वक्रासन, वज्रासन आदि), विजय साद (हास्यासन), रंजना साद (मकरासन आदि), अश्वनी मिश्रा (उत्तानपादासन आदि) एवं शैलेश यादव (प्राणायाम) मंजू यादव व मधु चौहान ने योग गीत की विशेष प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मुकेश मिश्रा, राजीव नगाइच, बिनोद तिवारी, राम बरन सिंह कुशवाह और महेन्द्र सिंह राजावत सहित अनेक साधक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विजय साद ने किया और आभार ओमप्रकाश बाजपेयी ने व्यक्त किया।

# करायपुर फायरिंग मामले में निष्पक्ष जांच और गिरफ्तारी की मांग

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 22 जून।** ग्राम चकरायपुर, थाना महाराजपुरा क्षेत्र में 21 जून को मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ कथित मारपीट एवं फायरिंग की घटना को लेकर आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पार्टी के प्रदेश महासचिव एड. रायसिंह बौद्ध ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर वरिष्ठ अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा और पूरे मामले से अवगत कराया।

एड. रायसिंह बौद्ध ने बताया कि पीड़ित पक्ष के अनुसार घटना में उनकी जान बाल-बाल बची। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले में अब तक सभी आरोपियों के विरुद्ध उचित धाराओं में एफआईआर दर्ज नहीं की गई है तथा कुछ आरोपियों की गिरफ्तारी भी शेष है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग की।



पीड़ित परिवारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग भी की गई। उन्होंने कहा कि अन्याय, अत्याचार और भेदभाव के खिलाफ भीम आर्मी एवं आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) पीड़ितों के साथ खड़ी रहेगी।

ज्ञापन में सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी, निष्पक्ष जांच, उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर उचित धाराएं जोड़ने तथा पीड़ित परिवारों को सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की गई है।

## पदमचंद्र जैन बने अग्रवाल समाज मुरार के अध्यक्ष

ग्वालियर, 22 जून। देशबाड़ी अग्रवाल समाज मुरार की बैठक अग्रवाल धर्मशाला गंगामाई संतर मुरार में आयोजित की गई जिसमें अध्यक्ष पद एवं कार्यकारणी का चुनाव पूर्व अध्यक्ष नेमीचंद जैन ( सर्राफ ) एवं चुनाव अधिकारी नेमीचंद जैन ( बजाज खाने वाले ) द्वारा कराया गया। बैठक में अग्रवाल समाज के बंधुओ द्वारा पदमचंद जैन ( सर्राफ ) को देशवाड़ी अग्रवाल समाज मुरार का अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर उपस्थित समाज के सभी अग्र बन्धुओं ने हर्ष करते हुए उन्हें फूलमाला पहनाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अग्रवाल समाज के बंधुओ ने विश्वास व्यक्त किया कि पदमचंद जैन ( सर्राफ )के नेतृत्व में समाज ,संगठन, एकता और सामाजिक विकास के नए आयाम स्थापित करेगा साथ ही समाज को आगे बढ़ने का कार्य करेंगे।




# शिवलिंग निर्माण एवं 'संस्कारों की पोटली' प्रतियोगिता का आयोजन

> ▸ माहेश्वरी महिला मंडल बिरला नगर का नवमी सप्ताह जारी

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 22 जून।** महेश नवमी सप्ताह के अंतर्गत माहेश्वरी महिला मंडल, बिरला नगर, ग्वालियर द्वारा 22 जून 2026 को श्याम वाटिका में प्राकृतिक एवं पर्यावरण-अनुकूल सामग्री से निर्मित शिवलिंग निर्माण प्रतियोगिता तथा सामाजिक एवं पारिवारिक मूल्यों पर आधारित 'संस्कारों की पोटली' प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।




संस्था द्वारा 'हर घर महादेव - भक्ति भी, सृजन भी' की भावना को केंद्र में रखते हुए इन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतिभागियों ने प्राकृतिक सामग्री से आकर्षक शिवलिंगों का निर्माण कर अपनी सृजनात्मकता एवं भगवान महेश के प्रति श्रद्धा का परिचय दिया। वहीं 'संस्कारों की पोटली' प्रतियोगिता में सामाजिक एवं पारिवारिक संस्कारों से जुड़े विषयों पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महेश के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं निर्णायक के रूप में डॉ. ज्योत्सना सिंह एवं डॉ. मीना बनवारिया उपस्थित रहीं। उन्होंने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को संस्कृति, संस्कार एवं पर्यावरण संरक्षण का संवाहक बताया। कार्यक्रम का संचालन माहेश्वरी महिला मंडल बिरला नगर की सचिव नीता महेश्वरी द्वारा किया गया। मंडल की अध्यक्ष लता चांडक के नेतृत्व में कार्यक्रम का सफल आयोजन संपन्न हुआ।

इस अवसर पर आर. पीजी. माहेश्वरी, मधुसूदन माहेश्वरी, जिला अध्यक्ष शैलेश भूतड़ा, जिला अध्यक्षा श्रीमती ऐश्वर्या गोदानी, संभागीय उपाध्यक्ष श्रीमती विशाखा माहेश्वरी, संभागीय संयुक्त मंत्री डॉ. भारती भूतड़ा, प्रीति होलानी, सहित डॉ. उमेश होलानी, सविता पेड़ीवाल, अक्षय चांडक, मनोज मालू, भूपेंद्र भूतड़ा, मृगांक छापरवाल, आरती डागा, पुष्पा खटोड़,ममता माहेश्वरी, अनीता बयानी, अलका भुराड़िया, अनीता महेश्वरी,रश्मि मालू एवं रश्मि टावरी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**प्रतियोगिताओं के विजेताओं के नाम :** कार्यक्रम में समाज के सदस्यों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही तथा आयोजन सफलतापूर्वक आयोजित हुआ।

## एनएसओ ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग पर दिया जोर

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 22 जून।** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय एनएसओ क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा बाल भवन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम क्षेत्रीय कार्यालय के निदेशक गजेन्द्र सोनी की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में हुआ।

इस वर्ष योग दिवस की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग रखी गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य हर आयु वर्ग के लोगों को योग के जरिए एक सक्रिय और संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। प्रख्यात योग प्रशिक्षक डॉ. सुनीता पल्हेलकर ने अधिकारियों व कर्मचारियों को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया।

उन्होंने बताया कि किस प्रकार योग बढ़ती उम्र में भी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रख सकता है।

संबोधन में निदेशक गजेन्द्र सोनी ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए कहा कि यह जीवन के हर पड़ाव पर स्वास्थ्य, लचीलापन और मानसिक संतुलन बनाए रखने में मददगार है। उन्होंने सभी से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी रॉबिन सिंह व आशीष कुमार गौर, कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी अभिषेक राय, सौरभ अग्रवाल, आकाश राजपूत, अभिषेक बुखारिया, अंकित कटारे सहित कार्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों द्वारा नियमित योगाभ्यास के संकल्प के साथ हुआ।

